दिनांक : 17.08.2025　　　　　　　　　　समय : 02.10pm

**आकाशवाणी भोपाल**

**दोपहर समाचार**

**प्रधानमंत्री – द्वारका एक्सप्रेसवे**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज द्वारका एक्सप्रेसवे के दिल्ली सेक्शन और अर्बन एक्सटेंशन रोड–2 का उद्घाटन किया। इन दोनों राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं पर करीब 11 हज़ार करोड़ रुपये की लागत आई है। उद्घाटन से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने द्वारका एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य में लगे कामगारों से संवाद किया और उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने परियोजना की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने मुंडका–बक्करवाला गाँव टोल प्लाज़ा पर रोड शो किया, जहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इन परियोजनाओं के शुरू होने से दिल्ली को जाम से राहत मिलने की उम्मीद है और यातायात व्यवस्था अधिक सुगम होगी।

**गृह मंत्री – कठुआ**

जम्मू कश्मीर के कठुआ ज़िले में बादल फटने की घटना के बाद सरकार पूरी तरह सक्रिय है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस संबंध में जम्मू–कश्मीर के उप–राज्यपाल और मुख्यमंत्री से बातचीत की है। गृह मंत्री ने कहा है कि स्थानीय प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्य तेजी से चलाया जा रहा है। वहीं एनडीआरएफ की टीमें भी मौके पर पहुंचकर प्रभावित लोगों की मदद कर रही हैं। श्री शाह ने आश्वस्त किया कि सरकार हर संभव सहायता उपलब्ध कराएगी।

**मुख्यमंत्री – रतलाम**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज रतलाम जिले में 245 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। इन कार्यों से जिले के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध होंगी।

## मुख्यमंत्री –जन्माष्टमी

मध्यप्रदेश में कल जन्माष्टमी का पर्व पूरे धूमधाम से मनाया गया। राजधानी भोपाल से लेकर उज्जैन, इंदौर, धार, रायसेन सहित प्रदेशभर के मंदिरों में विशेष सजावट और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के विभिन्न मंदिरों में पूजा–अर्चना की। उज्जैन में उन्होंने सांदीपनि आश्रम, मीरा माधव मंदिर और श्रीकृष्ण मित्रवृंदा मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण की आराधना की और भजन भी गाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यही वह स्थल है, जहां से मनुष्य रूपी श्रीकृष्ण योगेश्वर और जगतगुरु बने। श्री यादव ने कहा की संस्कृति विभाग ने पूरे प्रदेश में 3 हज़ार मंदिरों में साज–सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की। आकर्षक सजावट वाले मंदिरों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

## मौसम

प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आज 3 जिलो बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट तो नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, देवास, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। राजधानी भोपाल में आज सुबह से धूप और बादल छाए होने के चलते उमस बनी हुई हैं। वहीं विभाग का अनुमान है कि 18 अगस्त तक प्रदेशभर में तेज बारिश होती रहेगी।

## मध्यप्रदेश–खेल

मध्यप्रदेश वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी की महिला खिलाड़ियों ने एशियन कैनो स्लालम चैम्पियनशिप में नया इतिहास रचा है। चीन के गुइझोऊ में आयोजित इस प्रतियोगिता में कल मध्यप्रदेश की तीन खिलाड़ी – शिखा चौहान, पल्लवी जगताप और रीना सेन ने टीम इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता।

## समाचार संक्षेप में :–

- नर्मदापुरम जिले के ग्राम बाबरी में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ग्रामीणों ने नशा मुक्ति और स्वच्छता को लेकर सामूहिक शपथ ली।
- राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ द्वारा आयुष मंत्रालय के तत्वावधान में कल से बाल रोगों और उनके प्रबंधन पर केन्द्रित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन नई दिल्ली में किया जाएगा।

---------------